# 25 को सात नए मेडिकल कॉलेज शुरू होंगे : योगी

**सौगात**

लखनऊ | विशेष संवाददाता

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 अक्टूबर को सिद्धार्थनगर में प्रदेश के विभिन्न जिलों में बने सात मेडिकल कॉलेजों का लोकार्पण करेंगे। ये सभी मेडिकल कालेज सिद्धार्थनगर, एटा, हरदोई, गाजीपुर, मिर्जापुर, देवरिया तथा प्रतापगढ़ में बने हैं।

मुख्यमंत्री ने शनिवार को सिद्धार्थनगर के दौरे के दौरान यह जानकारी दी और विभिन्न योजनाओं के लोकार्पण की तैयारियों का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री की सुरक्षा के मद्देनजर



## मोदी करेंगे लोकार्पण

- सिद्धार्थनगर में 25 अक्तूबर को पहुंचेंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी
- मुख्यमंत्री ने पीएम के दौरे के लिए कड़ी सुरक्षा का दिया निर्देश

भारत-नेपाल सीमा पर सतर्कता बरतते हुए पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था के भी निर्देश दिए। ➤ निरीक्षण किया पेज 10